हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025

**तापमान**
अधिकतम 27 .0 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

12 सोनीपत में गोदाम से लाखों रुपये के पटाखे किए जब्त



12 स्कूल के तीन कमरों का शिलान्यास किया



देर रात चली तेज हवाओं ने बिजली को किया ठप, पूरी रात गायब रही बत्ती

# बिजली घर में आया फॉल्ट, 11 केवी मंडी और कालूपुर फीडर हुए बंद

- ▶▶ परेशान लोग देर रात तक बिजली अधिकारियों व कर्मचारियों को फोन करते रहे।
- ▶▶ सोमवार सुबह करीब सात बजे तक कालूपुर व मंडी फीडर बंद थे।

## बिजली न होने के कारण पेयजल सप्लाई भी प्रभावित रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

देर रात चली तेज हवाओं ने जिले की बिजली व्यवस्था को फिर से सवालों के कटघरे में खड़ा कर दिया है। विशेषतौर पर लाइन पार मंडी क्षेत्र में बिजली पूरी तरह से ठप रही। देर रात आई तेज आंधी की वजह से फाजिलपुर बिजलीघर में अचानक फाल्ट आ गया। जिसके चलते 11केवी मंडी व कालूपुर फीडर बंद होने के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई। परेशान लोग देर रात तक बिजली अधिकारियों व कर्मचारियों को फोन करते रहे। वहीं सोमवार सुबह बिजली न आने से शहर के कई इलाकों में पानी आपूर्ति भी प्रभावित हुई। सुबह 8 बजे के बाद बिजली बहाल होने के बाद लोगों को राहत मिल सकी।

■ 33 केवी सूरज स्टील बिजली घर से जुड़े गुड़ मंडी, मिशन रोड, मिर्च मंडी, काठमंडी के साथ लगती कई कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति ठप रही

फाजिलपुर बिजलीघर में रविवार देर रात करीब 12 बजे तेज हवा की वजह से तकनीकी खराबी आ गई थी। जिसके चलते सोमवार सुबह करीब सात बजे तक कालूपुर व मंडी फीडर बंद थे। इसकी वजह से क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों में बिजली आपूर्ति ठप रही। 33 केवी सूरज स्टील बिजली घर से जुड़े गुड़ मंडी, मिशन रोड, मिर्च मंडी, काठमंडी के साथ लगती कई कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति ठप रही। लाइट गुल होने के कारण पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। कालूपुर फीडर बंद होने से बाबा कॉलोनी, लक्ष्मण कॉलोनी, मोहन नगर, नई अनाज मंडी, बैंयापुर, लहराड़ा, कालूपुर, भगत सिंह कॉलोनी, प्रभु नगर में बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली बहाल होने के बाद लोगों को राहत मिल सके।

### सोनीपत में आंधी और बारिश से तापमान में आई गिरावट

सोनीपत। रविवार देर रात चली तेज आंधी और उसके बाद हुई हल्की बारिश ने जिले के मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। रात के समय अचानक आई आंधी ने पेड़ों की शाखाओं को हिलाया और धूल के गुबार से दृश्यता प्रभावित हुई। इसके तुरंत बाद कुछ समय के लिए हल्की बरसात हुई, जिससे वातावरण में नमी और ठंडक घुल गई। सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और बीच-बीच में हल्की व मध्यम बारिश होती रही। इससे तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में 6.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 1.4 डिग्री की कमी दर्ज की गई है। सोमवार को अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। तापमान में इस अचानक आई गिरावट से लोगों ने लंबे समय बाद ठंड के शुरुआती एहसास का अनुभव किया। दिनभर चलने वाली ठंडी हवाओं ने उमस और गर्मी को पूरी तरह दूर कर दिया। शाम के समय मौसम सुहावना हो गया, जिससे लोग पार्कों और सड़कों पर टहलने निकले।

■ रविवार-सोमवार की रात चली तेज हवाएं, दिनभर रुक-रुककर हुई बरसात, लोगों ने महसूस की ठंड की दस्तक

### पेयजल सप्लाई भी हुई प्रभावित

नगर निगम की ओर से सुबह 5 बजे शहर में पानी की आपूर्ति की जाती है। सुबह के समय बिजली गुल होने के कारण दो बूस्टिंग स्टेशन बंद रहे। इसके चलते सुबह से समय पानी की आपूर्ति बाधित रही। लोग सुबह से ही बिजली निगम व नगर निगम के अधिकारियों को फोन कर बिजली के साथ पानी आपूर्ति की मांग करते रहे।

### फाल्ट के कारण दो फीडर हुए बंद

तेज हवा की वजह से फाजिलपुर बिजलीघर में अचानक फाल्ट आ गया था। जिसकी वजह से दो फीडर बंद होने गए थे। सुबह सात बजे तक तकनीकी खराबी दूर कराने के बाद बिजली लाइन दोबारा चालू कर दी गई।
-प्रदीप खोखर, उपमंडल अभियंता, बिजली निगम।



### खरीफ फसलों की खरीद में बारिश से किसानों की परेशानियां बढ़ीं



सोनीपत। जिले की अनाज मंडियों में खरीफ फसलों की सरकारी खरीद जारी है, लेकिन रविवार देर रात और सोमवार दोपहर हुई हल्की बारिश ने किसानों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। मौसम परिवर्तन के दौरान मंडी परिसर में खुले आसमान के नीचे रखी धान की ढेरियों को ढकने के लिए तिरपाल की कमी महसूस की गई, जिससे कई ढेरियों में नमी बढ़ गई। मंडी आढ़तियों ने एक दिन पहले किसानों को मैसेज भेजकर 6 और 7 अक्तूबर को धान मंडी में न लाने की अपील की थी। इस कारण सोमवार को पहले के मुकाबले कम मात्रा में धान मंडी में पहुंचा। बारिश की वजह से खेतों में कटाई भी प्रभावित हुई और कंबाइन मशीनों को चलाना संभव नहीं हो पाया। मौसम विभाग ने 7 अक्तूबर को भी भारी बारिश की चेतावनी दी है। ऐसे में मंडी आढ़तियों ने किसानों से बुधवार को धान मंडी में लाने का अनुरोध किया है ताकि भविष्य में किसानों को कोई परेशानी न हो। हल्की बारिश के कारण धान में नमी बढ़ जाने से खरीद प्रक्रिया रोकनी पड़ी और किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई। मंडियों में बेहतर व्यवस्थाओं के दावों की पोल खुल गई। इन दिनों मंडियों में रोजाना 1509 और 1612 किस्म के धान की आवक जारी है। लेकिन शेड जर्जर होने और उठान प्रक्रिया धीमी रहने के कारण किसान मजबूरी में धान खुले आसमान के नीचे डालने को मजबूर हैं। मार्केटिंग बोर्ड ने शेड बदलने के लिए टेंडर आवंटित कर रखा है, फिर भी अब तक शेड नहीं बदला गया। किसानों का कहना है कि बेहतर सुविधाओं और सुरक्षा के अभाव में धान की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। प्रशासन और मंडी प्रबंधन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।
फोटो 6 एसएनपी 20 और 21.

# प्रधानमंत्री के आगामी कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का लिया जायजा

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली, पुलिस आयुक्त ममता सिंह और उपायुक्त सुशील सारवान ने किया आयोजन स्थल का दौरा



सोनीपत। आयोजन स्थल का निरीक्षण करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व अधिकारीगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोनीपत दौरे को लेकर आज भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, पुलिस आयुक्त ममता सिंह व उपायुक्त सुशील सारवान ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि तीसरी बार हरियाणा में बनी भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 अक्टूबर को राई स्थित एजुकेशन सिटी में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### सफाई कार्य शुरू

इस दौरान प्रधानमंत्री हरियाणा को विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देंगे। इस दौरान उन्होंने हैलीपेड, वीआईपी रूट, आयोजन स्थल तथा पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल पर आज से ही सफाई कार्य शुरू कर दिया जाए। इस दौरान पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि प्रशासन की ओर से सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग, एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत योजना तैयार की जा चुकी है। इस मौके पर एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसीपी अजीत सिंह, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी पंकज गौड, एसएमडीए से नरेश कुमार, डीटीपी अजमेर मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में छत पर ग्रील से लटका मिला युवक का शव

सोनीपत। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की महावीर कॉलोनी में संदिग्ध हालत में युवक का शव फंदे से लटका मिला। परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।
महावीर कॉलोनी निवासी मनीष ने बताया कि उसका भाई जितेंद्र काफी दिनों से मानसिक परेशान चल रहा था। रविवार शाम को खाना खाकर सो गया। सुबह उठकर देखा तो वह छत पर ग्रील पर संदिग्ध हालत में लटका हुआ मिला। ग्रील से उतारकर उसे नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया। जांच अधिकारी का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा दिया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा-194 के तहत कार्यवाही अमल में लाई गई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# चाकू से हमला कर युवक की हत्या करने के दोषी को उम्रकैद की सजा

अदालत ने दोषी पर 35 हजार का जुर्माना लगाया, अदा न करने पर अतिरिक्त सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सिविल लाइन थाना सोनीपत क्षेत्र में युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरताज बसवाना की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 35 हजार रुपये जुर्माना भी लगाय है। सैनीपुरा में छोटी दिवाली की रात गली में पटाखे फोडऩे को लेकर हुए विवाद में बचाव को आए युवक की हत्या की गई थी।

सैनीपुरा मोहल्ला निवासी श्याम सिंह ने 4 नवंबर, 2021 को सिविल लाइन थाना में मुकदमा दर्ज कराया था कि उनके पास तीन बेटे सचिन, सुमित व गौरव हैं। 3 नवंबर, 2021 की रात छोटी दिवाली पर उनका बेटा सचिन घर के बाहर गली में पटाखे फोड़ रहा था। इसी दौरान आवाज सुनकर पड़ोसी मोहित उर्फ लीमा व उसका भाई मनीष बाहर आए और सचिन के साथ झगड़ा करने लगे थे। इनके साथ दो अन्य युवक भी थे। वह पटाखा चलाने को लेकर विवाद करने लगे थे।

### गौरव हत्याकांड में दोषी करार

श्याम सिंह ने बताया कि शोर सुनकर वह और उनका बेटा गौरव (21) व सुमित भी बाहर आ गए थे। हमने मोहित और उसके साथियों को समझाने का प्रयास किया था। त्योहार होने के चलते झगड़ा नहीं करने को समझाया था, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं हुए थे। इसी दौरान मोहित ने चाकू से उन पर हमला कर दिया था। वह, गौरव तथा सुमित घायल हो गए थे। उन्हें नागरिक अस्पताल ले जाया गया था, जहां पर चिकित्सक ने गौरव को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने श्याम सिंह की शिकायत पर मोहित उर्फ लीमा और अन्य के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। श्याम सिंह ने पुलिस को बताया था कि उनके बेटे गौरव और सचिन का एक महीना पहले भी किसी बात को लेकर मोहित से विवाद हुआ था। उस समय मामला रफा-दफा करा दिया था। उसके बावजूद वह उसके बेटे से रंजिश बनाए रहा था। अब उसने बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपित मोहित व अन्य को गिरफ्तार किया था। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे सरताज बसवाना ने मोहित उर्फ लीमा को दोषी करार दिया है।

## नकली नंबर प्लेट लगाकर चोरी की ईको गाड़ी रखने वाला काबू

सोनीपत। क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने नकली नंबर प्लेट लगाकर चोरी की मारुति ईको गाड़ी रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान राकेश निवासी पुरखास, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, 5 अक्टूबर को क्राइम यूनिट कुण्डली के सहायक उप निरीक्षक आशीष अपनी टीम के साथ मुरथल चौक जीटी रोड पर गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि राकेश नामक व्यक्ति चोरी की ईको गाड़ी लेकर घूम रहा है, जिस पर नकली नंबर प्लेट लगी हुई है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जीटी रोड स्थित कुराड़ बाईपास पर नाकाबंदी कर दी।

# त्योहारी सीजन में मिलावटी खाद्य पदार्थों पर सख्ती

## सोनीपत में डेयरी उत्पादों की जांच, घटिया पनीर और मक्खन नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

त्योहारी सीजन के चलते बाजारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। सोमवार को विभाग की टीम ने शहर के कच्चे क्वार्टर बाजार में छापेमारी की, जहां सस्ते पनीर और मक्खन बेचने वाली दुकानों की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान दो दुकानों से पनीर के दो सैंपल, मक्खन का एक सैंपल और मटर का एक सैंपल लिया गया। जांच में कुछ दुकानों पर रखे डेयरी उत्पादों की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई, जिसके बाद मौके पर ही खराब पनीर और मक्खन को नष्ट कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार विभाग की टीम सोमवार दोपहर करीब एक बजे बाजार में पहुंची और छापेमारी शुरू की। जब टीम ए-वन डेयरी पर सैंपल ले रही थी, तो अन्य डेयरी संचालक दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। ए-वन डेयरी से पनीर और मक्खन के सैंपल लिए गए, जबकि पनीर की गुणवत्ता खराब मिलने पर लगभग दो किलो पनीर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके बाद टीम ने स्टैंडर्ड डेयरी से पनीर और मटर के सैंपल लिए।



सोनीपत। दुकान से सैंपल लेते हुए विभाग के अधिकारी।

### त्योहारों में खाद्य सामग्री पर सख्त निगरानी

अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी है कि त्योहारों के दौरान नकली या घटिया खाद्य सामग्री बेचने वालों पर फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने साफ किया कि अब प्रतिदिन बाजारों में निरीक्षण और सैंपलिंग की जाएगी। दूध, मिठाई, नमकीन, मसाले और डेयरी उत्पादों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिरेंद्र यादव ने बताया कि सस्ता पनीर या अन्य डेयरी उत्पाद बेचने वाले व्यापारी अकसर गुणवत्ता से समझौता करते हैं, जिससे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर खतरा पैदा होता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सस्ते और संदिग्ध खाद्य पदार्थों से बचें तथा किसी भी तरह की शिकायत विभागीय नियंत्रण कक्ष या हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज कराएं।

# आरक्षित फ्लैटों के लिए आठ को निकाला जाएगा ड्रा

■ मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत डीसीआरयूएसटी में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने बताया कि नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग से लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए बने आरक्षित फ्लैटों के आवंटन के लिए 8 अक्टूबर को दीनबंधू छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) मुरथल में दोपहर 1 बजे लौटरी के माध्यम से ड्रा निकाले जाएंगे। उन्होंने बताया लाभार्थियों के द्वारा किए गए आवेदनों में से 794 लाभार्थियों के आवेदन सही पाए गए। उन्होंने बताया कि बुकिंग के तौर पर जिन लाभार्थियों ने 10 हजार रूपये जमा करवाए है, अगर ड्रा के दौरान उनका फ्लैट निकलता है तो उनके द्वारा जमा किए गए 10 हजार रूपये फ्लैटों के आवंटन के दौरान दिए जाने वाले फलैटों के औसतन मूल्यों में जमा की जाएंगे।

### फ्लैटों का ड्रा आवंटन

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के लाभार्थियों को ड्रा के माध्यम से 538 ईडब्ल्यूएस फ्लैट आवंटित किए जाएंगे। इन फ्लैटों में सेक्टर-27 गांव अहमदपुर स्थित पार्कर इंफ्रा प्राईवेट लिमिटिड के 137 फ्लैट, जीटी रोड स्थित सेक्टर-8 में स्थित आकर्षक रिलेट्र्स प्राईवेट लिमिटिड के 102 फ्लैट, सेक्टर-61 स्थित परदेशी डेवलपर्स प्राईवेट लिमिटिड के 124 फ्लैट, सेक्टर-10 स्थित इंडियन रेलवे वेल्फेयर ऑर्गेनाइजेशन के 117 फ्लैट तथा जेबीबी एवरेस्ट बिल्डिटेक प्राइवेट लिमिटिड के 58 फ्लैट है।

## पुलिस ने हेरोइन सहित एक तस्कर को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

सोनीपत। क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त एक आरोपित को हेरोइन सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सुमित निवासी इंडियन कॉलोनी, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, 5 अक्टूबर 2 को क्राइम यूनिट कुंडली के सहायक उप निरीक्षक विक्रम अपनी टीम के साथ छोटूराम चौक के पास गशत कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि सुमित नामक व्यक्ति बड़वासनी से सोनीपत रोड पर प्रधान फ्रेश डे के सामने हेरोइन लेकर खड़ा है और बिक्री की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया।

पति की दीर्घायु और वैवाहिक सुख का पर्व : 10 को मनाया जाएगा करवा चौथ

# सुहागिनें रखेंगी निर्जला व्रत, रात 8.47 पर होगा चंद्र दर्शन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

भारतीय परंपराओं में करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए सबसे पवित्र और विशेष माना जाता है। यह व्रत हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और वैवाहिक जीवन की मंगलकामना के लिए दिनभर निर्जला उपवास रखती हैं। सूर्योदय से लेकर चंद्रमा के दर्शन तक महिलाएं बिना अन्न-जल ग्रहण किए भगवान गणेश, माता पार्वती और करवा माता की पूजा करती हैं।

करवा चौथ केवल महिलाओं के उपवास का पर्व नहीं, बल्कि पति-पत्नी के बीच अटूट प्रेम और समर्पण की भावना को सशक्त करने का अवसर है। इस दिन पति अपनी पत्नी के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त करते हैं, वहीं पत्नियां अपने पति के दीर्घ जीवन और सुख की कामना करती हैं। करवा चौथ भारतीय संस्कृति में स्त्री के त्याग, शक्ति और श्रद्धा का प्रतीक बन चुका है।

### चंद्र दर्शन के बाद खोला जाएगा करवा चौथ का व्रत

ज्योतिषाचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा के अनुसार, कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष चतुर्थी तिथि 9 अक्टूबर की रात 10 बजकर 54 मिनट से प्रारंभ होकर 10 अक्टूबर की शाम 7 बजकर 38 मिनट तक रहेगी। ऐसे में इस वर्ष करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर, शुक्रवार को रखा जाएगा। पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 16 मिनट से 6 बजकर 29 मिनट तक रहेगा। व्रत रखने वाली महिलाओं के लिए सबसे प्रतीक्षित क्षण चंद्रमा का उदय होगा, जो इस बार रात 8 बजकर 47 मिनट पर होगा। चंद्र दर्शन के बाद महिलाएं चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति के हाथ से जल ग्रहण कर व्रत का पारण करेंगी।



### करवा चौथ की परंपरा व धार्मिक महत्व

करवा चौथ का व्रत केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पति-पत्नी के प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। इस दिन महिलाएं नए वस्त्र धारण करती हैं, हाथों में मेंहदी रचाती हैं और सोलह श्रृंगार करती हैं। करवा चौथ की पूजा में मिट्टी, तांबे, स्टील या चीनी के करवे (लोटे) का उपयोग किया जाता है। दो करवे बनाए जाते हैं – एक में जल और दूसरे में दूध भरा जाता है। करवे पर हल्दी और आटे के मिश्रण से स्वस्तिक चिन्ह बनाकर रक्षासूत्र बांधा जाता है।

### सरगी से शुरू होती है व्रत की परंपरा

करवा चौथ की शुरुआत सरगी से होती है, जिसे सूर्योदय से पहले ब्रह्म मुहूर्त में ग्रहण किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस परंपरा की शुरुआत स्वयं माता पार्वती ने की थी। सरगी सास द्वारा बहू को दी जाती है, जिसमें फलों, मिठाई, सूखे मेवे, पूरी-हलवा जैसी चीजें शामिल होती हैं। सरगी ग्रहण करने के बाद महिलाएं पूरे दिन निर्जला उपवास रखती हैं और शाम को पूजा के बाद चांद देखकर ही अन्न-जल ग्रहण करती हैं।

रोहतक, मंगलवार
7 अक्टूबर 2025

हरिभूमि
सहेली

करवा चौथ विशेष



# दांपत्य जीवन में आस्था का उत्सव

करवा चौथ का पर्व स्त्रियों की आस्था और दांपत्य जीवन के प्रति उनके समर्पण के भाव को प्रतिबिंबित करता है। विवाहित स्त्रियां इस पर्व के जरिए चांद को साक्षी मानकर अपने रिश्तों को संजोने का संकल्प लेती हैं, जिसमें उनके परिवार के सदस्यों का अपनापन, स्नेह और संस्कृति-पूजन परंपराओं की सोंधी महक भी समायी होती है।

आवरण कथा

कल्पना मनोरमा

भारत में मनाए जाने वाले अनेक पर्वों में कुछ ऐसे भी हैं, जो सीधे स्त्री मन की गहराई को छूते हैं। करवा चौथ इन्हीं में से एक है। यह केवल एक दिन का व्रत नहीं, स्त्री के प्रेम, समर्पण और आस्था की आत्मिक निष्ठा है, जो हर वक्त उसके हृदय में बनी रहती है। हर वर्ष करवा चौथ का दिन स्त्रियों को याद दिलाता है कि रिश्तों की शक्ति केवल शब्दों या कथनों में नहीं, बल्कि भावनाओं, विश्वास और त्याग में निहित होती है।



## स्त्री के अस्तित्व की आत्मीय अनुभूति

करवा चौथ का व्रत, स्त्री के लिए केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, उसके अस्तित्व की वह आत्मीय अनुभूति है, जिसमें प्रेम, आस्था और समर्पण एक साथ बसते हैं। यह दिन उसे अवसर देता है कि वह अपने रिश्ते को साधारण दिनचर्या से उठाकर, एक ऊंचे भावलोक तक पहुंचा सके। चांद की शीतलता में जब एक स्त्री दीप-जल के साथ पति का मुखड़ा देखती है, तो ऐसा लगता है कि चांद भी उस दिन अपनी कोमल छटा में इतरा रहा है।

## स्त्री के भीतर छिपे अदृश्य सौंदर्य का उत्सव

भारतीय संस्कृति में व्रत और उपवास कोई भी कर सकता है, लेकिन त्याग-समर्पण का जिम्मा स्त्री ने अपनी पहचान और अधिकार बना लिया है। भारतीय स्त्रियां केवल व्रतों के माध्यम से ही नहीं, अपने हर कर्म और समर्पित प्रयास से परिवार को पोषित करती हैं। इसी क्रम में करवा चौथ स्त्री के भीतर छिपे उस अदृश्य सौंदर्य का उत्सव है, जो रिश्तों में नई ऊष्मा भरता है।

## घर और मन की सजावट

हमारे हर पर्व की अपनी अलग सुगंध, रंग-रूप और तैयारी होती है। करवा चौथ की तैयारियां भी केवल एक दिन पहले से शुरू नहीं होतीं, बल्कि इसकी मानसिक तैयारी तो बरसात के दिनों से ही शुरू हो जाती है। बरसात के बीतने के बाद, जैसे ही मौसम अपना रुख बदलता है, स्त्रियां धीरे-धीरे करवा चौथ की तैयारी की सोचने लगती हैं। घर की सबसे बड़ी या अनुभवी स्त्री की अनुमति लेकर युवा स्त्रियां घर में एक शांत और पवित्र कोना चुनती हैं। इसके बाद अल्पना बनाने का काम होता है। घर की सबसे कुशल और होशियार बहू को कुछ दिनों के लिए चौका-बर्तन से छुट्टी दे दी जाती है, ताकि वह ध्यानपूर्वक अल्पना बना सके। करवा की अल्पना में स्त्री ने सदैव प्रकृति को प्रमुखता दी है। उसने अपनी सहगामी परिधि में सूरज, चांद, सितारे, बरगद, पीपल, रिश्ते, भाई-बहन, देवरानी-जेठानी, मजदूर, गाय-बैल और किसान सबको बनाया और पूजा की। यह अल्पना केवल सजावट नहीं, बल्कि स्त्री के मन, उसकी कल्पना और उसके जीवन के छोटे-बड़े हिस्सों का प्रतिबिंब भी होती है।

## अपनत्व से दमकता स्त्री मन

जब करवा चौथ का व्रत आता, तो उसकी पहली रात घर की बड़ी-बूढ़ी स्त्रियां खीर, हलुआ और अन्य मिठाइयां तैयार करती हैं। चाहे दिन भर कितनी भी व्यस्तता क्यों न हो, कुछ मीठा अवश्य बनता है, ताकि व्रती स्त्री खा सके। क्योंकि मीठा खाने से प्यास नहीं लगती और दूसरा दिन ऊर्जावान बना रहता है। हाथों में मेहंदी रचती है, साड़ी, झुमके और नथ-टीका निकाले जाते हैं। इन तैयारियों के बीच, स्त्रियों का मन अपनत्व से दमकता रहता है।



## व्रत का दिन और उत्सव का चरम

व्रत वाले दिन स्त्री निर्जल रहकर भी उमंग-उत्साह से लबरेज रहती है। सुबह से ही घर का वातावरण विशेष प्रतीत होता है। हर काम, चाहे सफाई में झाड़ू लगाने का काम हो या बच्चों को तैयार करने का, पवित्र और ध्यानमग्न होकर किया जाता है। रात होते-होते घर का माहौल और भी उल्लासमय हो जाता है। बाहर चांदनी शांत और कोमल रात होती है और अंदर करवा की पूजा-पाठ, कथा कही-सुनाई जाती है। पति के मंगलमय जीवन की कामना की जाती है। जब चांद निकलता है तो वह केवल आकाशीय घटना भर नहीं रह जाता, उस क्षण स्त्री के मनाकाश में प्रेम और विश्वास का प्रतीक बनकर चांद उदित होता है। करवा के व्रत का सबसे भावपूर्ण क्षण वह होता है, जब पत्नी चांद को अर्घ्य देती है फिर पति के हाथ से जल ग्रहण करती है तो उसकी आंखों में उस क्षण प्रेम की एक अलग ही चमक होती है।


इस तरह स्त्रियों के मन और हृदय में बसी श्रद्धा और आस्था है, जो न केवल उनके जीवन को रोशन करती है, बल्कि परिवार और रिश्तों को स्थायी, आत्मीय और सजीव बनाती है। मिट्टी की खुशबू, चांद की शीतलता और लोकगीतों का मधुर स्वर, ये सब मिलकर करवा चौथ को केवल उपवास या पूजा नहीं, बल्कि संस्कृति और प्रेम का जीवंत उत्सव बना देती हैं। कहा जा सकता है कि ऐसे त्योहार, केवल आनंद के अवसर ही निर्मित नहीं करते, ये हमें समय, समुदाय और जीवन के गहरे अर्थों की याद दिलाते हैं। ये हमें प्रेम से जीना सिखाते हैं, आपस में जोड़कर रखते हैं।

करवा चौथ के दौरान कई महिलाओं को डिहाइड्रेशन की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आपको सरगी लेते समय ऐसे फूड्स, ड्रिंक्स को शामिल करना चाहिए, जिससे आप पूरे दिन हाइड्रेटेड-एनर्जेटिक फील कर सकें।

# व्रत के दौरान इस तरह रखें खुद को हाइड्रेट


डाइट सजेशन

निकिता चौहान



करवा चौथ पर विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं। इस दिन वे सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक उपवास रखती हैं और अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। इस दौरान कई महिलाओं को कमजोरी महसूस होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वे खुद को प्रॉपर तरीके से हाइड्रेट नहीं रखती हैं। इस वजह से उन्हें चक्कर आने लगता है तो कुछ को मितली जैसा महसूस होता है। इन समस्याओं से बचने के लिए महिलाओं और विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को व्रत के दौरान अपने हाइड्रेशन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। यहां आपको खुद को हाइड्रेट रखने के तरीके बता रहे हैं।

**ऐसे करें दिन की शुरुआत:** दिन की शुरुआत 2-3 गिलास सादा पानी पीने से करें। इसके बाद सूर्योदय से पहले खाई जाने वाली सरगी में ऐसे खाद्य को शामिल करें, जिसमें पानी पर्याप्त मात्रा में हो। नारियल पानी और छाछ पी सकती हैं। इनमें इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेटेड और ठंडा रखते हैं। चाय, कॉफी और नमकीन स्नैक्स लेने से बचें। व्रत के दौरान पानी से भरपूर फल जैसे संतरा, पपीता और खीरा आदि का सेवन कर सकती हैं। आपको भूख महसूस न हो इसके लिए सरगी में आप हेल्दी फैट्स और प्रोटीन लें। इसके लिए भीगे बादाम, दूध, दही और पनीर का सेवन कर सकती हैं।



**इन बातों का रखें ध्यान:** अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है या कमजोरी महसूस कर रही हैं तो पूरे दिन का निर्जला व्रत रखने से बचें। पूरे दिन थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पानी पीती रहें। नारियल पानी या ओआरएस घोल भी पी सकती हैं। ठोस खाद्य के बजाय तरल पदार्थ अधिक मात्रा में लें। निराहार के बजाय फलाहार उपवास कर सकती हैं।

**थकान से बचें:** व्रत के दौरान पानी की कमी ना हो इसके लिए दिन के समय धूप और गर्मी से बचें। ज्यादा शारीरिक श्रम न करें और हल्की, ढीली ड्रेस पहनें। आराम करती रहें ताकि पसीने से पानी की कमी न हो।

**डिहाइड्रेशन के लक्षण पहचानें:** उपवास के दौरान पानी न पीने से कई महिलाओं को डिहाइड्रेशन का रिस्क रहता है। ऐसे में आपको इन लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है- चक्कर या हल्की बेहोशी महसूस होना, सिरदर्द, बार-बार होंठ या मुंह सूखना, थकान या चिड़चिड़ापन, यूरीन कम होना या गहरे रंग का होना। अगर ये सभी या इनमें से कोई लक्षण दिखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**डॉक्टर से कंसल्ट करें:** अगर आपको कोई मेडिकल इश्यू है या आप प्रेग्नेंट हैं तो व्रत रखने का निर्णय लेने से पहले स्त्री रोग विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें। डॉक्टर आपके ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल और आपकी सेहत की अन्य बातों पर गौर करके आपको व्रत के दौरान सावधानी बरतने संबंधी उचित सलाह देंगी। आपको ध्यान रखना चाहिए कि हर महिला का शरीर अलग तरह का होता है। ऐसे में व्रत के दौरान क्या करना है, क्या नहीं, इस बारे में अपने डॉक्टर से जरूर बात करें।


**(मदरहुड अस्पताल, एनसीआर की कंसल्टेंट गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. स्मिति जैन से बातचीत पर आधारित)**

भावनाएं / प्रस्तुति:आरती सक्सेना

# दांपत्य जीवन में प्रेम-समर्पण का प्रतीक करवा चौथ का व्रत

दांपत्य का रिश्ता पति-पत्नी दोनों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए इस रिश्ते का मधुर और मजबूत होना बहुत जरूरी है। फिल्म-टीवी की अभिनेत्रियां बता रही हैं करवा चौथ का पर्व उनके दांपत्य जीवन में क्या मायने रखता है, वे इस पर्व को कैसे मनाती हैं, इस बार उनकी क्या तैयारी है?

## यह अनोखा पर्व हमारे दांपत्य जीवन में मधुरता घोलता है: कियारा आडवाणी



अपनी शादी के बाद मैं हर वर्ष करवा चौथ पूजा पूरे विधि-विधान के साथ करती हूं, व्रत रखती हूं, अपने पति सिद्धार्थ की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन की मंगल कामना करती हूं। इस साल भी मैं करवा चौथ व्रत रखूंगी। इसकी तैयारी मैंने अभी से शुरू कर दी है। इस बार मैं करवा चौथ के लिए स्पेशल ड्रेस या डिजाइनर साड़ी लेने वाली हूं। सिद्धार्थ के लिए भी खूबसूरत कुर्ता-पजामा खरीदूंगी। हर साल मैं करवा चौथ पर स्पेशल मेहंदी लगवाती हूं, जिसमें सिद्धार्थ के नाम का पहला अक्षर मेरे हाथ पर लिखा होता है। इस बार भी मैं ऐसी ही मेहंदी लगाने वाली हूं। रोजमर्रा की जिंदगी में मैं लाइट कलर के ड्रेस पहनना पसंद करती हूं, लेकिन करवा चौथ पर मुझे डार्क कलर पहनना पसंद है, जैसे रेड, मैरून, डार्क पिंक। पिछले साल मैंने ससुराल में करवा चौथ मनाया था, जो मेरे लिए बहुत यादगार रहा। ससुराल में करवा चौथ पर सिर्फ सिद्धार्थ ही नहीं, मेरी सासू मां और पूरा परिवार मेरा बहुत ध्यान रख रहा था। मेरी सास ने मुझे करवा चौथ की सुबह सरगी दी, जो मैंने सुबह-सुबह चार बजे खाई। इसके बाद बिना कुछ खाए-पिए करवा चौथ का व्रत रखा। रात को चांद देखकर मैंने अपना करवा चौथ का व्रत सिद्धार्थ के हाथों पानी पीकर खोला। इसके बाद हम दोनों लोग ड्राइव पर गए। सिद्धार्थ ने मुझे सरप्राइज गिफ्ट दिया, जो एक खूबसूरत मोबाइल था। करवा चौथ का व्रत मेरे लिए इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हर करवा चौथ पर हमारा रिश्ता और मजबूत होता है। यह बहुत अनोखा पर्व है, हमारे दांपत्य जीवन में मधुरता घोलता है।

## स्त्री का सुहाग उसके जीवन का एक वरदान है: भारती सिंह



जब मैं बहुत छोटी थी, शादीशुदा महिलाओं को करवा चौथ व्रत रखते देखती थी। उनका सजना-संवरना मिलकर करवा चौथ की पूजा करना, चांद देखकर अपने पति के हाथों जल पीकर व्रत तोड़ना, ये सब मुझे बहुत भाता था। मैं सोचती थी, जब मैं बड़ी होऊंगी, शादी करूंगी तो इन महिलाओं की तरह मैं भी अपने पति के लिए ऐसे ही सज-धज कर करवा चौथ की पूजा करूंगी। उस वक्त मुझे यह नहीं पता था कि करवा चौथ का व्रत भूखे-प्यासे रहकर करना पड़ता है। शादी के बाद जब मैंने पहली बार करवा चौथ का व्रत रखा, उस वक्त पूरा दिन भूखा-प्यासा रहकर मेरी हालत बहुत पतली हो गई थी। लेकिन रात को जब चांद देखकर व्रत तोड़ा, तो एक अलग ही सुकून मिला। इसके बाद हर साल मैं पूरे दिल से करवा चौथ का व्रत रखती हूं। मेरा मानना है स्त्री का सुहाग उसके जीवन का एक वरदान है। इस बात का एहसास मुझे उस वक्त हुआ, जब मेरी लाइफ में हर्ष की एंट्री हुई। हर्ष ने मुझे इतना प्यार दिया, इतनी खुशी दी कि मैं उनके बिना जीने की कल्पना भी नहीं कर सकती। करवा चौथ के दिन मैं सुबह चार बजे उठकर सास द्वारा दी गई सरगी खाती हूं। पूरा दिन सजने-संवरने में जुटी रहती हूं, हाथों में मेहंदी से लेकर पैरों में पायल, ज्वेलरी, मेकअप, हेयर स्टाइल सब कुछ पूरे दिन चलता रहता है। इस दिन हर्ष मेरी हर बात मानते हैं, मेरे नखरे उठाते हैं। हर साल वह मेरे लिए कोई ना कोई खूबसूरत गिफ्ट लेकर जरूर आते हैं। इस बार भी मैं धूमधाम से करवा चौथ मनाऊंगी। करवा चौथ की फोटोज और वीडियो भी आप लोगों के साथ शेयर करूंगी।

मेकअप

सरिता गुप्ता

# ग्लिटरी-ब्राइट मेकअप से निखर उठेगी खूबसूरती

विवाहित महिलाओं का सबसे बड़ा त्योहार करवा चौथ को माना जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जल व्रत रखती हैं। इस अवसर पर बड़े चाव से सजती-संवरती भी हैं। सुंदर सी साड़ी, लहंगा, मैचिंग ज्वेलरी कैरी करती हैं, मेहंदी, महावर भी लगाती हैं। इसके साथ ही, पूजा करने के लिए वे अच्छे से मेकअप भी करना चाहती हैं। इस ऑकेजन पर आपका मेकअप स्पेशल होना चाहिए। इसीलिए यहां हम आपको बता रहे हैं ग्लिटरी-ब्राइट मेकअप के स्टेप्स।

**मॉयश्चराइजर:** मेकअप शुरू करने के पहले स्टेप में फेस पर मॉयश्चराइजर लगाएं। इससे चेहरे पर मेकअप लंबे समय तक टिका रहता है। मॉयश्चराइजर लगाने के 10 मिनट बाद बेस लगाना सही रहता है।



**कंसीलर:** अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे हैं और आप उन्हें छुपाना चाहती हैं तो कंसीलर का यूज जरूर करें। साथ ही चेहरे पर चमक लाने के लिए आप प्राइमर का यूज कंसीलर से पहले करें।

**फाउंडेशन या बेस:** फाउंडेशन या बेस खरीदते समय अपनी स्किन टोन से मैचिंग जरूर कर लें। साथ ही ऐसे फाउंडेशन का सेलेक्शन करें, जो लॉन्ग-लास्टिंग हो ताकि आपका मेकअप लंबे समय तक बरकरार रहे। स्किन टोन से मैचिंग बेस को अच्छे तरीके से ब्लेंड करें। इससे फेस पर नेचुरल ग्लो आता है।

**अप्लाई करें ब्लशर:** बेस लगाने के बाद गालों पर हल्का-सा ब्लशर अप्लाई करें ताकि चेहरे पर ग्लो दिखाई दे।

**आइज मेकअप:** फेस मेकअप के बाद आइज मेकअप की बारी आती है। आंखों को सुंदर दिखाने के लिए आप अपनी ड्रेस से मैच करता हुआ लाइट ब्राउन या लाइट ग्रे कलर का आईशैडो लगा सकती हैं। आंखों का मेकअप हाईलाइट करने के लिए आप हल्की ग्लिटर वाली या शिमरी आईशैडो का यूज भी कर सकती हैं।

**मस्कारा:** मस्कारा लगाने से आपकी पलकें घनी और लंबी दिखाई देती हैं। आंखों पर मस्कारा का एक कोट लगाना काफी है। एक से अधिक कोट ना लगाएं।

**आई लाइनर:** आंखों के मेकअप को क्लीन दिखाने के लिए पतला आई लाइनर लगाएं। अगर अपने मेकअप को स्पेशल फेस्टिव टच देना चाहती हैं तो आप लाइट ब्राउन या ब्लू कलर का आई लाइनर चुन सकती हैं।

**लिपस्टिक:** मेकअप को कंप्लीट लुक देने के लिए लिपस्टिक का सही शेड चुनना बहुत जरूरी है। गलत शेड आपके मेकअप का लुक बिगाड़ सकता है। ध्यान रखें कि अगर आपने आइज मेकअप डार्क किया है तो लिपस्टिक लाइट लगाएं। होंठों को ड्राई होने से बचाने के लिए पहले लिप बाम लगाएं।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट आरती सिन्हा से बातचीत पर आधारित)**

पर्व संदेश

सरस्वती रमेश

हमारे हर पर्व के पीछे कोई ना कोई बड़ा उद्देश्य होता है, उसके संदेश होते हैं। करवा चौथ भी ऐसा ही एक पर्व है। करवा चौथ पति-पत्नी के संबंध मधुर और मजबूत बनाने के साथ पूरे परिवार को आपस में जोड़ता है।

# करवा चौथ के अवसर पर बनें प्यार-परंपरा के साक्षी

दांपत्य, एक अनूठा रिश्ता है, ऐसा रिश्ता जो एक ही रिश्ते में अनेक रिश्तों को समाहित किए है। जीवनसाथी सिर्फ पति-पत्नी के बंधन में नहीं बंधे होते, उनका रिश्ता साथ, विश्वास और सहयोग का होता है। दांपत्य का रिश्ता उस नाजुक बेल की तरह होता है, जो एक-दूसरे के सहारे से आगे बढ़ती है। कभी-कभी इस नाजुक बेल की मजबूती के लिए कुछ खास भी करना पड़ता है। वही खास अवसर है-करवा चौथ का पर्व। इस अवसर पर दांपत्य के रिश्ते को हरा-भरा और पुष्पित करने के लिए पत्नी अपने प्रेम का जल, भरोसे की खाद और समर्पण की धूप देती है। यह रिश्ता हमेशा खिला-खिला रहे, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है, जैसे-




**साथ का अहसास:** करवा चौथ पर सुहागन स्त्रियां व्रत रखती हैं, लेकिन उनके लिए यह सिर्फ एक व्रत मात्र नहीं है, इस दिन वे मेहंदी, महावर, कुमकुम, मांग-टीका और तन के सारे श्रृंगार कर, दांपत्य जीवन का भी श्रृंगार करती हैं। व्रत के साथ यह सदिच्छा भी जुड़ी होती है, यह अहसास भी कि हर उम्र में, हर मोड़ पर दांपत्य की बगिया अपने सुंदरतम रूप में खिली रहे। यहां यह भी ध्यान देने वाली बात है, स्त्री का यह सुंदर स्वप्न तभी पूरा होगा, जब उसे अपने जीवनसाथी का भरपूर प्यार और साथ मिले। करवा चौथ इस साथ के अहसास को और गहरा करता है।

**रिश्ते में हो त्याग की भावना:** जैसा कि हम सब जानते हैं, करवा चौथ पर स्त्री अन्न-जल त्याग कर पति की लंबी आयु की प्रार्थना करती है। दांपत्य के रिश्ते को हमेशा सजीव और मधुर रखने के लिए हमें इसी तरह के त्याग की जरूरत होती है। जब रिश्ते में त्याग का भाव निहित हो, तभी दांपत्य की खुशहाली संभव है।

**पति भी रखे ख्याल:** जिस तरह किसी त्योहार का पारंपरिक और सांस्कृतिक पक्ष होता है, उसी तरह उसका व्यावहारिक पक्ष भी होता है। करवा चौथ का भी व्यावहारिक पक्ष है, यह विवाह के वक्त किए गए वचनों को आगे बढ़ाने और व्यावहारिक रूप से उन्हें जीवन में अपनाने के लिए इंगित करता है। यदि पति की लंबी आयु की कामना से पत्नी कठिन व्रत रख सकती है, तो पति को भी उसकी सेहत और मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए।

## पूरे परिवार का उत्सव



**करवा चौथ** पूरे परिवार का उत्सव है। भले ही इसका पालन घर की स्त्रियों द्वारा होता है, लेकिन जब तक परिवार का प्रत्येक सदस्य इसमें शामिल न हो, तब तक इस त्योहार को मनाने का अर्थ परिपूर्ण नहीं होता। करवा चौथ का पर्व परिवार के लोगों को आपस में जोड़ता है, हंसी-मजाक और आत्मीयता के नए अवसर सुलभ करता है। सारी स्त्रियां मिलकर मेहंदी लगाती हैं, श्रृंगार करती हैं, गीत गाती हैं, दिल खोलकर हंसती हैं। घर में पकवान बनते हैं, बच्चे खुश होकर घर में डोलते हैं। यही तो त्योहारों को मनाने का उद्देश्य है कि हर ओर उमंग-उल्लास फैले, रंग और उजास फैले।

## खबर संक्षेप

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया विद्यालय साफ

**गोहाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरोदा में सोमवार को सक दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित किया गया। कैंप का शुभारंभ प्राचार्य राजेंद्र सिंह कुंडू ने किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को अनुशासन और जीवन में धैर्य की महता पर व्याख्यान दिया। शिविर का संयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र सिंह ने किया। शिविर में स्वयंसेवकों ने हाथों में झाड़ू लेकर विद्यालय परिसर को बुहारा और पेड़-पौधों की निराई-गुड़ाई की।

### हरियाणा राज्य खेल के लिए नेटबॉल ट्रायल 6-7 को

**सोनीपत।** हरियाणा राज्य खेल 2025 में भाग लेने के लिए नेटबॉल की तीन स्पर्धाओं – ट्रेडिशनल नेटबॉल, फास्ट5 नेटबॉल और मिक्स नेटबॉल – के ट्रायल 6 और 7 अक्टूबर को शाम 4 बजे आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता दहिया ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2 से 5 नवंबर तक राई (सोनीपत) में आयोजित होगी, जिसमें 16 जिलों की टीमें हिस्सा लेंगी।

### नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष का किया स्वागत

**सोनीपत।** कांग्रेस के जिला शहरी प्रधान कमल दिवान व कांग्रेस से वरिष्ठ कार्यकर्ता डा. सत्यवीर निमार्ण ने अपने साथियों के साथ मुरथल पहुच कर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह का फूल मालाएं व बुके देकर स्वागत किया। राव नरेंद्र सिंह कांग्रेस भवन चंडीगढ़ में शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिये जा रहे थे, रास्ते में अध्यक्ष का स्वागत किया गया।

### रक्तदान करना बड़ी समाजसेवा का कार्य

**गोहाना।** सोमवार को शहर में सोनीपत मार्ग टी-प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में सम्पन्न भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में 26 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। शिविर की अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की और संयोजन स्टार रक्तदाता एवं समाजसेवी सुरेंद्र विश्वास ने किया। शिविर में दो युवकों ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।

मुख्य अतिथि भाजपा खानपुर मंडल के अध्यक्ष जस्सी खुराना ने कहा कि रक्तदान करना एक बड़ी समाजसेवा का कार्य है।

### शिक्षक दलवीर खुंडिया प्रथम व नरेंद्र रोहिल्ला द्वितीय रहे

**गोहाना।** शैक्षणिक खंड गोहाना के अंतर्गत गढ़ी उजाले खां कलस्टर में शिक्षण अधिगम उपकरण संग्रह प्रतियोगिता के परिणाम घोषित हुए। प्रतियोगिता में इस कलस्टर के सात विद्यालयों के प्राथमिक शिक्षकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा एक से कक्षा तीन के अध्यापकों के ग्रुप में राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला गढ़ी सराय नामदार खां के दो अध्यापकों दलवीर खुंडिया तथा नरेंद्र रोहिल्ला ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। अब यह दोनों अध्यापक आगे होने वाली खंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हो गए हैं।

## प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण तथा भाषण प्रतियोगिता का किया आयोजन

# महर्षि वाल्मीकि का जीवन सत्य त्याग और ज्ञान का प्रतीक

**विद्यार्थियों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वाल्मीकि जयंती के अवसर पर ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी, सोनीपत में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक नीरज शर्मा एवं निदेशिका रीमा शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में उनके साथ विद्यालय प्रधानाचार्य चंचल शर्मा, मीनू शर्मा भी उपस्थित रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, तथा भाषण प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रम शामिल थे। विद्यार्थियों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधक ने अपने उद्बोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन सत्य, त्याग और ज्ञान का प्रतीक है, जिनसे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। सभी ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सृजनात्मकता और नैतिक मूल्यों की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।



सोनीपत। ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी एवं स्टाफ।

### भगवान वाल्मीकि दिवस पर जेएलएन विद्यालय में प्रतियोगिताएं आयोजित




गोहाना। जवाहरलाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में भगवान वाल्मीकि दिवस की पूर्व संध्या पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा देवी, एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य सचिन शर्मा ने पुरस्कृत किया। रामायण पर आधारित क्विज प्रतियोगिता छात्र नक्ष, शुभम, सोनल, देवांश, दीक्षा, अस्मिता और यशिका ने सही जवाब दिए। पेंटिंग प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में सपना प्रथम, अनुराग द्वितीय और नैना व शुभम तृतीय रहे। कनिष्ठ वर्ग में वंशिका प्रथम, राशी द्वितीय और नैना व राम शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में कशिश, हिमांशी व इच्छा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में उप प्राचार्य सूरत शर्मा, चिराग जैन और सुशीला शामिल रहे। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के जीवन से हमें सत्य और धर्म का संदेश मिलता है।

### चित्र पर पुष्प अर्पित किए

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग स्थित जेबीएच स्कूल में वाल्मीकि जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ प्राचार्या सुमन दहिया द्वारा वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। विद्यार्थियों ने कविताएं, भजन, भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या सुमन दहिया ने बताया कि वाल्मीकि जयंती महर्षि वाल्मीकि के जन्म का सम्मान करने के लिए मनाई जाती है। जिन्होंने संस्कृत महाकाव्य रामायण की रचना व संस्कृत का प्रथम कवि माना जाता है। यह दिन दर्शाता है कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद आत्म प्रेरणा से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। वाल्मीकि के जीवन आदर्शों एवं उनके द्वारा समाज को दिए गए अमूल्य संदेशों से प्रेरणा मिलती है। विजेता विद्यार्थियों को स्कूल प्राचार्या द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यापक कविता पांचाल, ज्योति शर्मा, अचित्रा पंवार, लक्ष्य दहिया, कविता गर्ग, पूजा दहिया, मनजीत दहिया, मंजू दहिया, ज्योति बरेजा आदि मौजूद रहे।

# मीडिया की तकनीकों के बारे में जागरूक किया



राई। एक्सपर्ट के तौर पर ताहिर न्यूजरूम इनसाइड स्टोरी विषय पर संबोधित करते हुए।

- विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने मीडिया के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई में न्यूजरूम इनसाइड स्टोरी विषय पर कार्यशाला हुई। जिसमें एक्सपर्ट के तौर पर ताहिर ने खेल पत्रकारिता एवं मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों को मीडिया के न्यूजरूम की विभिन्न तकनीकों के बारे में जानकारी दी। ताहिर ने बताया कि न्यूज रूम में किस प्रकार समाचार तैयार किए जाते हैं। उन्होंने मीडिया की प्री-प्रोडक्शन, प्रोडक्शन और पोस्ट-प्रोडक्शन तकनीकों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मीडिया में सिर्फ फ्रंटलाइन पर कार्य करने वालों के अलावा अनेक तकनीकी विशेषज्ञ पर्दे के पीछे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनके कार्यों को समझना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को रिपोर्टर, एडिटर, प्रोड्यूसर, एंकर और न्यूज एजेंसियों से संबंधित बारीकियों से अवगत कराया।

**खेल पत्रकारिता और जनसंचार एक विशाल वृक्ष**

विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने मीडिया के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लेखन कला और संचार प्रक्रिया मीडिया की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि खेल पत्रकारिता और जनसंचार क्षेत्र एक विशाल वृक्ष की तरह हैं, जिसकी शाखाएं चारों दिशाओं में फैली हुई हैं। शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. योगेश ठाकुर ने ताहिर का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यशाला खेल पत्रकारिता के क्षेत्र में हो रहे तेजी से बदलावों को समझने और विश्लेषित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी।

# छह दिवसीय कार्यशाला में सिखाई बेसिक से एडवांस पायथन भाषा

- जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विभाग ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा वूमेन एंड एआई विषय पर छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति सोनू कुमार रहे। इस दौरान संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने कार्यशाला के सफल आयोजन की बधाई दी।

मुख्य वक्ता के रूप में सोनू कुमार ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के विवरण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में बेसिक से एडवांस्ड पायथन, मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा जनरेटिव एआई जैसे विषयों को कवर किया। कार्यशाला के पूर्ण होने के पश्चात एक परीक्षा आयोजित की जाएगी और उसके परिणामों के आधार पर विद्यार्थियों को व्यक्तिगत एचआर सत्र प्रदान किए जाएंगे। इन सत्रों में विद्यार्थियों को रिज़्यूम निर्माण तथा इंटरव्यू की तैयारी के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा।



सोनीपत। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए अतिथि व साथ में कॉलेज स्टाफ।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट सेक्टर-27 सोनीपत की पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान राहुल निवासी प्रताप कॉलोनी, खरखौदा जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, 5 अक्टूबर को क्राइम यूनिट सेक्टर-27 की पुलिस टीम में तैनात मुख्य सिपाही सुधीर अपनी टीम के साथ खरखौदा-सोनीपत रोड पर गांव झरोठ के पास गश्त पर थी।

# पौधरोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- टीम सदस्यों ने गांव में कुल 20 पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

टीम अजय पंचाल द्वारा सोमवार को प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत ग्राम बैयापुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर टीम सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए गांव में कुल 20 पौधे लगाए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनीता (कालूपुर) ने शिरकत की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में ग्राम बैयापुर के सरपंच हिमाचल पहलवान उपस्थित रहे। अतिथियों ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की और ग्रामीणों से अपील की कि वे प्लास्टिक का उपयोग कम करें और अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं। टीम अजय पंचाल के सदस्य शिवम, हिमांशु, अक्षय, हर्ष, अजय पंचाल, दीपक सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर स्वच्छ और हरित भारत निर्माण का संकल्प लिया। टीम ने कहा कि आने वाले समय में यह अभियान अन्य गांवों में भी चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग प्लास्टिक मुक्त भारत के मिशन से जुड़ सकें।




सोनीपत। पौधरोपण करते हुए अजय पांचाल, सुनीता एवं अन्य।



खरखौदा। पोस्टर आदि का अवलोकन करते शिक्षा निदेशक व अन्य।

### पीएम श्री विद्यालय में कराई महर्षि वाल्मीकि पर क्विज एवं पेंटिंग स्पर्धा

**खरखौदा।** जिला उपायुक्त के आदेशानुसार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रामायण, महर्षि वाल्मीकि पर क्विज एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की गई। जिसकी पहली श्रेणी कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों व श्रेणी दूसरी में कक्षा 9 से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय में औचक निरीक्षण के दौरान माध्यमिक शिक्षा निदेशक एवं आईएएस जितेन्द्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री व खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राठी ने विद्यालय प्राचार्या निर्मल धनेरवाल के साथ प्रतियोगिता का अवलोकन किया।

# समाज में एकजुटता और भाईचारा कायम रहना जरूरी : देशवाल

- देशवाल भाईचारा मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

छोटूराम धर्मशाला में आयोजित देशवाल भाईचारा मिलन एवं सम्मान समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार और पद्मश्री से सम्मानित डा. सन्तराम देशवाल ने कहा कि समाज में आपसी सद्भाव, प्रेम और मेल-मिलाप से ही विकास संभव है। उन्होंने कहा कि पारस्परिक सहयोग, समर्थन और भाईचारा बनाए रखना समय की आवश्यकता है। समारोह में देशवाल गोत्र के कई जिलों और गांवों से आए मौजिज व्यक्तियों ने डा. देशवाल का माल्यार्पण, पगड़ी और शाल ओढ़ाकर नागरिक अभिनंदन किया। यह कार्यक्रम समाज की एकजुटता और संगठन की मिसाल रहा, जिसमें हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई जिलों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव लाढ़ौत के वरिष्ठ चौधरी प्रताप सिंह ने की, जबकि संयोजन और संचालन सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र देशवाल ने किया।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।



गोहाना। विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए प्रबंधक राजेश कुमार।

### थ्रोबॉल में कनक और रिले दौड़ में कुंज ने मारी बाजी

**गोहाना।** गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सोनीपत के सिंथेटिक ग्राउंड में जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। खेलों में अंडर-8 आयु वर्ग की थ्रोबॉल प्रतियोगिता में कनक अव्वल रहे। अंडर-10 आयु वर्ग की सौ गुणा 4 रिले दौड़ में कुंज प्रथम रहे। खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल में खुशी की लहर है।

## कैबिनेट मंत्री बोले, वोकल फार लोकल हर भारतीय के लिए बना मूल मंत्र

# हरियाणा बनेगा आत्मनिर्भर भारत का ग्रोथ इंजनः डॉ. अरविंद

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत निर्माण का रखा है लक्ष्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। पत्रकारों से रूबरू होते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि स्वदेशी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भाजपा सरकार हर युवा को नौकरी करने वाला नहीं नौकरी देने वाला बनाने की दिशा में काम कर रही है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड संकल्प को सिद्धि तक लेकर जाने में हरियाणा देश का ग्रोथ इंजन बन अन्य राज्यों के सामने उदाहरण पेश करेगा।

सोमवार को मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर सिंचाई विश्राम गृह, गोहाना में प्रवक्ता प्रदीप अहलावत, गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, डॉ. धर्मबीर नांदल व रणधीर लठवाल के साथ पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो वर्ष 2047 तक विकसित भारत निर्माण का जो लक्ष्य रखा है, उसका प्राप्ति मार्ग आत्मनिर्भरता से होकर जाता है। वोकल फार लोकल का अभियान आज पूरे देश का मंत्र बन गया है, जो प्रत्येक भारतीय के स्वाभिमान, सामथ्र्य व संकल्प का प्रतीक है।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान आज जन आंदोलन का रूप ले रहा है। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर से शुरू होकर भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर तक चलने वाले इस अभियान में हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। इस अवसर पर भाजपा लि महामंत्री महेंद्र चिड़ाना, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, भूपेंद्र मुद्गिल, प्रवीण खुराना, राजेश भावड़, डॉ. राममेहर राठी, व कुदीप कौशिक उपस्थित रहे।

**स्वदेशी के बूते भारत बन रहा मजबूत**

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान स्वदेशी, स्वभूषा और स्वभाषा के स्तम्भों पर आधारित है। देश में आज 1 लाख 60 हजार स्टार्टअप्स के माध्यम से हमारे युवा विदेशी कम्पनियों को टक्कर देते हुए गुणवत्ता उत्पाद एवं सेवाएं देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी उपलब्ध करवा रहे हैं। आज चिकित्सा, इंजीनियरिंग व विज्ञान की कठिन मानी जाने वाली पढ़ाई को भारतीय भाषा में करवाने के अवसर इस दिशा में बड़ी पहल हैं। स्वदेशी के बलबूते पर आज भारत वैश्विक सत्र पर लगातार मजबूत बनता जा रहा है।

**40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है**

डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि देश में बने खादी की वर्ष 2014 तक 33 हजार करोड़ रुपए की बिक्री हुई थी, जोकि बीते 11 सालों में एक लाख 75 हजार करोड़ रुपए की बिक्री होने से उत्पादन में 315 प्रतिशत व बिक्री में 400 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़ा। स्वदेशी यूपीआई ने अपनी अलग ही पहचान बनाते हुए 24 लाख करोड़ रुपए के लेनदेन किए। दुनिया को 20 प्रतिशत जेनरिक दवाई व 60 प्रतिशत वैक्सीन व अमेरिका को 40 प्रतिशत व ब्रिटेन को 25 प्रतिशत दवाएं भारत आपूर्ति कर रहा है।

### बाबा जिंदानाथ मेले में श्रद्धालुओं ने समाधि पर मथा टेक मांगी मन्नत

**गन्नौर।** गांव मोई माजरी स्थित समाधि स्थल श्रीश्री 108 मठ जिंदा बाबा धाम पर आश्विन माह की चतुर्दशी पर मेला लगाया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ माथा टेका। काफी श्रद्धालुओं अपनी परेशानियों के हल के लिए व पशुओं की बीमारी से राहत पाने के लिए गुड़ व झाड़ू चढ़ा कर मन्नतें मांगी। वहीं बाबा जिंदा पर लगे मेले में खिलौनों व मिठाइयों के स्टालों पर बच्चों व महिलाओं ने जहां जमकर खरीदारी की, वहीं बच्चों ने झूलों का भी आनंद लिया। डेरा के संचालक महंत बाबा बालकनाथ ने मेले में आए श्रद्धालुओं को उनके घर व पशुओं में सुख शांति के लिए डोरे व भभूत का प्रसाद देकर आशीर्वाद दिया।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत, जांच शुरू

**खरखौदा।** बरोना मार्ग बाईपास पर साइकिल पर सवार एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई। बरोना निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उसका पिता मोहिंद्र सिंह साइकिल पर गांव से खरखौदा जा रहे थे। जब वे बाईपास फ्लाई ओवर के नीचे पहुंचे तो उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वह अपने पिता को घायल अवस्था में रोहतक के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए। जहां इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गई।

### अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार

**गोहाना।** गांव दोदवा के पास एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार व्यक्ति बच गए। चालक कार को वहीं छोड़ कर चला गया। अगले दिन चालक आया तो चारों पहिये और अन्य सामान चोरी नहीं मिला। सदर थाना में केस दर्ज किया गया।

### घर में घुसकर देवर- भाभी के साथ की मारपीट

**खरखौदा।** फरमाना गांव में रात के समय एक युवक ने घर में घुसकर देवर और भाभी के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। सीमा ने गांव के एक युवक पर आरोप लगाते हुए बताया कि गांव का राकेश रात के समय अपने हाथ में डंडा लेकर उनके घर में घुस गया और वह उसके देवर विनोद के साथ मारपीट करने लगा। जब वह बीच बचाव करने लगी तो पड़ोसी भी वहां पर आ गए। जिसके कारण युवक उन्हें जान से मारने धमकी देकर फरार हो गया।

### आईएमटी से युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**खरखौदा।** आईएमटी स्थित एक कंपनी में कार्यरत युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। बिचपड़ी निवासी अमरजीत सिंह ने बताया कि वह एक कंपनी में जूनियर इंजीनियर का काम करता है। उसके साथ उसका चचेरा भाई मोहन सिंह भी सुपरवाइजर का काम करता है। वे दोनों कंपनी के कैंप में ही रहते हैं। शाम के समय उसका चचेरा भाई कैंप से बाहर गया था। लेकिन वह वापस लौटकर नहीं आया।

वाहेगुरु नामक पटाखा गोदाम पर सीएम फ्लाइंग का छापा

# सोनीपत में गोदाम से लाखों रुपये के पटाखे किए जब्त




**सोनीपत।** पटाखों की जांच करते हुए मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम के अधिकारी और दुकान में रखे पटाखे। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने सोमवार को गांव जगदीशपुर रोड पर स्थित वाहेगुरु नामक पटाखा गोदाम पर छापेमारी कर लाखों रुपये के पटाखे बरामद किए। कार्रवाई के दौरान पुलिस और फायर विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही। छापेमारी से इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि गोदाम में बड़ी मात्रा में अवैध और प्रतिबंधित पटाखे रखे गए थे।

## केवल कुछ लाइसेंसधारकों को ग्रीन पटाखे बेचने की अनुमति

### सूचना के आधार पर की कार्रवाई

बता दें कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए एनजीटी के आदेशों के तहत सरकार ने पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। केवल कुछ लाइसेंसधारकों को ग्रीन पटाखे बेचने की अनुमति दी गई है। इसके बावजूद जिले में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण और बिक्री की जा रही थी। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता को इसकी सूचना मिली, जिसके बाद सोमवार को टीम ने पुलिस व संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मौके पर छापेमारी की।

### जांच के बाद सुरक्षित स्थान पर रखे पटाखे

मौके पर फायर ब्रिगेड अधिकारी रामेश्वर ने बताया कि मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने गोदाम में रखे पटाखों की जांच की है। पटाखों का वजन और सूची तैयार की जा रही है। फिलहाल बरामद पटाखों को सुरक्षित स्थान पर रखवाया गया है। अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री उड़नदस्ता से जो भी लिखित रिपोर्ट प्राप्त होगी, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस और फायर विभाग के अधिकारी यह जांच कर रहे हैं कि गोदाम मालिक के पास पटाखे भंडारण के लिए लाइसेंस था या नहीं। फिलहाल पुलिस ने गोदाम को सील कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी

# हरियाणवी यूट्यूबर पुष्पा की संदिग्ध हालात में मौत, साथी पर केस दर्ज

**पुलिस ने महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में करवाया पोस्टमार्टम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र के गांव हरसाना कलां में हरियाणवी कलाकार और यूट्यूबर पुष्पा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी रात देर से परिजनों को मिली। परिजनों का आरोप है कि पुष्पा की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। पुलिस ने मां के बयान पर उसके साथी यूट्यूबर संदीप सहित अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतका के शव का महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### यूट्यूब चैनल के लिए बनाती थी हरियाणवी नाटक

गांव रिंढाणा निवासी बाला देवी ने बताया कि उनकी बेटी पुष्पा की शादी करीब नौ वर्ष पहले जींद के गांव करेला निवासी पंकज के साथ हुई थी। उसके दो बेटियां है। बीते एक साल से पुष्पा गांव हरसाना कलां में संदीप के घर पर किराए पर रह रही थी, जहां वह उसके साथ यूट्यूब चैनल के लिए हरियाणवी नाटक बनाती थी। बाला देवी ने बताया कि गत 4 अक्टूबर की रात करीब 11:40 बजे संदीप ने फोन कर बताया कि पुष्पा ने फंदा लगा लिया है। उस समय वह अपनी दूसरी बेटी उर्मिला व दामाद सुंदर के घर पानीपत के गांव शहर मालपुर में थीं। कुछ देर बाद सुंदर के पास भी पुष्पा की मौत की सूचना आई। परिजन जब सुबह मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने पुष्पा को कमरे के फर्श पर मृत अवस्था में पाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में पुष्पा के गले पर नीले निशान पाए गए, जबकि कमरे की छत पर लगे पंखे से रस्सी बंधी मिली और उसका सिरा फर्श पर पड़ा था। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवाया गया, बाद में खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया और उसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि महिला की मां के आरोपों के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## नाबालिग लड़की को परेशान करने का आरोप

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को परेशान करने व उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप का मामला सामने आया है। लड़की की मां ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी 13 वर्षीय बेटी को उमर फारूख नाम का युवक छेड़छाड़ करन रहा था। वह उसे गत दो दिनों से परेशान कर रहा था। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर मुम्बई लेकर जाने की योजना बना रहा था। मामले को लेकर उसने पुलिस को अवगत करवाया। सेक्टर-27 शहर थाना पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बच्ची के अदालत में बयान दर्ज करवाएं गए है।

### गांव थाना कलां में आज लगेगा भंडारा

*खरखौदा। कार्तिक पूर्णिमा के दिन सात अक्टूबर को खरखौदा उपमंडल के गांव थाना कलां में बाबा लाल दास जी महाराज को समर्पित भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इनेलो नेता प्रीतम खोखर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पूर्वजों द्वारा दी गई पारिवारिक व धार्मिक विरासत का निर्वहन करते हुए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को उनके पैतृक गांव थाना कलां में भंडारा आयोजित किया जा रहा है।*



**गन्नौर।** गणित विषय में कौशल विकास कार्यशाला के समापन पर प्रशिक्षक व शिक्षक।

## दो दिवसीय गणित विषय में कौशल विकास कार्यशाला का समापन

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल, गन्नौर में सीबीएसई की ओर से दो दिवसीय गणित विषय में कौशल विकास कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों में गणित विषय के प्रति नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों, गतिविधियों एवं कौशल आधारित शिक्षण को प्रोत्साहित करना था। कार्यशाला में संसाधन व्यक्तित्व के रूप में यतिन रावल एवं रिचा शर्मा उपस्थित रहे। दोनों ने गणित शिक्षण से संबंधित अनेक नवीन तकनीकों, व्यवहारिक उदाहरणों एवं रोचक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में यमुनानगर, जगाधरी, समालखा, पानीपत, रोहतक, टी.डी.आई. सोनीपत आदि क्षेत्रों के गणित अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या रजनी शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी होती हैं क्योंकि इनके माध्यम से शिक्षण कार्य में नवीनता और प्रभावशीलता आती है। यह निश्चय ही शिक्षण क्षेत्र के नवप्रवर्तकों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होंगी। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक मौजूद रहे।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर प्रश्नोत्तरी व चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में सोमवार को रामायण और महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खुबडू भांवर रोड स्थित नव'योति शिक्षा सदन में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सीनियर विंग से निशांत, जय, तमन्ना, ईशान, अंजलि व प्राची की टीम और जूनियर विंग से दीक्षा, तन्वी, वर्णिका, सक्षम, जतिन व अंशिका की टीम विजेता रही। चित्रकला प्रतियोगिता में कनिका-रितिका, मोनिका व वर्षित-मानवी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्राचार्य राजेंद्र कौशिक ने विजेताओं सम्मानित किया।




**गन्नौर।** प्रतियोगिता के दौरान बनाए गए चित्रों के साथ नवज्योति शिक्षा सदन के छात्र व स्कूल

### गायत्री विद्यापीठ में हुई पेंटिंग प्रतियोगिता

*बसंत विहार स्थित गायत्री विद्यापीठ में पांचवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। टीम डी के अंकित-अंश प्रथम, टीम ए के दिशा-जानवी द्वितीय व टीम बी के ममता-सारिका तृतीय स्थान पर रहीं। पेंटिंग में विधि, मानवी, तमन्ना, सिया और अमिता ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। स्कूल मुख्याध्यापिका शकुंतला कौशिक ने विजेताओं को सम्मानित किया और सभी बच्चों को महर्षि वाल्मीकि जयंती की बधाई दी।*

## सोनीपत पुलिस ने बरामद किए 25 गुमशुदा मोबाइल फोन, मालिकों को किए सुपुर्द

**सोनीपत।** साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सोनीपत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने साइबर सैल की सराहनीय कार्रवाई में सितंबर माह के दौरान 25 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए है। इन मोबाइल फोनों की अनुमानित बाजार कीमत करीब चार लाख रुपये बताई गई है। मिली जानकारी के अनुसार साइबर सैल टीम ने पोर्टल के माध्यम से इन मोबाइल फोनों को ट्रेस किया। सोमवार को साइबर सैल कार्यालय, राई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक कमल सिंह और उनकी टीम ने इन मोबाइल फोनों को उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा। पुलिस के अनुसार, सीईआईआर पोर्टल पर फोन के गुमशुदा होने की जानकारी दर्ज होते ही वह नेटवर्क से ब्लॉक हो जाता है, जिससे उसका दुरुपयोग नहीं हो पाता। सोनीपत पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन खो जाए या चोरी हो जाए, तो तुरंत पोर्टल पर उसकी शिकायत दर्ज करें। इससे फोन की बरामदगी में आसानी होती है और अपराधियों के गलत इस्तेमाल की संभावना समाप्त हो जाती है।



**सोनीपत।** गुमशुदा फोन को बरामद कर मालिक को सौंपते हुए पुलिस कर्मी।



## ठेका कर्मियों की नहीं ले रहा कोई सुध : टांक

**सोनीपत।** रेलवे रोड स्थित नगर निगम कार्यालय में सोमवार को ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच के सदस्यों का धरना जारी रहा। प्रधान मुकेश टांक ने कहा कि हटाए गए ठेका कर्मियों को लेकर अधिकारियों की ओर से कोई सुध नहीं ली गई है। जिसकी वजह से कर्मियों में रोष जारी है। धरने पर बली ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष जसविंदर पहलवान पहुंचे। वह यूनियन प्रतिनिधिमंडल से बात करके विधायक निखिल मदान से मिले और हटाए गए सफाई कर्मचारियों की समस्या से अवगत कराया गया। विधायक ने आश्वासन दिया कि वह अधिकारियों व ठेकेदार से बात करके उनकी समस्या का समाधान कराएंगे। मुकेश कर्मा ने कहा के संविदा कर्मियों ने निगम आयुक्त कार्यालय के बाहर नारेबाजी करके हटाए गए कर्मचारियों को जल्द ड्यूटी पर लेने और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवक घायल

**सोनीपत।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पहला हादसा गांव बड़वासनी के पास हुआ, जहां 50 वर्षीय रमेश निवासी बैयापुर सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में रमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत नागरिक अस्पताल सोनीपत पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हालत गंभीर देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। दूसरी घटना एटलस रोड पर हुई, जहां 36 वर्षीय विजय निवासी दहिया कॉलोनी, सड़क हादसे का शिकार हो गया। ड्यूटी से लौटते समय एटलस रोड पर तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार विजय को चपेट में ले लिया। हादसे में विजय को सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं।

## बस स्टैंड पर छात्र को डंडों से पीटकर किया घायल

**गोहाना।** शहर में रोहतक रोड स्थित बस स्टैंड पर एक छात्र को चार-पांच युवकों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। हमलावरों ने छात्र को धमकी दी कि दोबारा गोहाना में दिखाई दिया तो उसे जान से मार देंगे। छात्र को नागरिक अस्पताल से रेफर किया गया। शहर थाना में केस दर्ज किया गया। जींद में गांव भाग खेड़ा के आयुष ने पुलिस को बताया कि वह भंभेवा स्थित एक संस्थान में पढ़ता है। वह ड्रेस लेने के लिए गोहाना आया था। वह ड्रेस लेकर गोहाना बस स्टैंड पर पहुंचा तो वहां गांव आहुलाना का सुमित अपने तीन-चार साथियों के साथ आया। उन सबने डंडे व बिट्टे ले रखे थे और आते ही उसका रास्ता रोककर मारपीट करने लगे। उसके हाथ व पैरों पर चोट मारी। उसे धमकी दी कि दोबारा गोहाना में दिखाई दिया तो जान से मार देंगे। इसके बाद वे भाग गए। उसे नागरिक अस्पताल से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

## बेसहारा गोवंश पकड़ने वाली एजेंसी ने शुरू नहीं किया काम

**तीन दिन में काम शुरू नहीं किया तो एजेंसी होगी ब्लैकलिस्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर की गलियों और सड़कों पर भटक रहे बेसहारा गोवंश से राहत दिलाने के लिए नगरपालिका ने टेंडर अलाट किया था, लेकिन एजेंसी ने अब तक काम शुरू नहीं किया है। जिससे शहर में बेसहारा गोवंश भटक रहे हैं। गन्नौर की गोशालाओं में पहले से ही जगह पूरी तरह भर चुकी है, जिस कारण बेसहारा गोवंश गलियों और सड़कों पर घूम रहे हैं। यह न केवल यातायात में बाधा बन रहे हैं, बल्कि लोगों की सुरक्षा और सफाई व्यवस्था पर भी असर डाल रहे हैं। नगरपालिका ने गोवंशो पकड़ने के लिए टेंडर एजेंसी को अलाट किया था। शर्तों के अनुसार प्रति गोवंश 1110 रुपये का भुगतान तय किया गया था।



नपा सचिव प्रदीप खर्ब।

### भेजा तीसरा नोटिस

*नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि एजेंसी को पहले ही दो नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन उसकी ओर से कोई जवाब नहीं आया। अब तीसरा नोटिस भेजकर तीन दिन का समय दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इस अवधि में काम शुरू नहीं किया गया तो टेंडर को निरस्त कर एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।*

## जिले में कफ सिरप की व्यापक जांच, मेडिकल स्टोरों पर छापे

**सोनीपत।** मध्यप्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामले सामने आने के बाद जिले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने कफ सिरप की व्यापक जांच शुरू कर दी है। इसके तहत सोमवार को औषधि नियंत्रक अधिकारी संदीप हुड्डा और मुंशीराम की टीमों ने जिले के मेडिकल स्टोरों पर छापे डालकर कुल 22 कफ सिरप के नमूने सील किए। एफडीए अधिकारियों ने बताया कि संदीप हुड्डा की टीम ने 14 और मुंशीराम की टीम ने आठ नमूने सील किए। सभी नमूनों को जांच के लिए चंडीगढ़ स्थित क्षेत्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला (आरडीटीएल) में भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त के निर्देश पर यह जांच की जा रही है ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मध्यप्रदेश में हाल ही में कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत के मामले सामने आए थे।

# गांव में बैंकिंग सेवा शुरू होने से समय व संसाधनों की बचत होगी : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- सनपेड़ा गांव में बैंक शाखा का देवेन्द्र कौशिक व सरपंच प्रमोद ढाका ने किया उद्घाटन

सनपेड़ा गांव में वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक निजी बैंक की शाखा का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में गांव के सरपंच प्रमोद ढाका के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक ने कहा कि गांव में बैंक शाखा खुलने से ग्रामीणों को अब अपने ही क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं का लाभ प्राप्त होगा, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी तथा आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। कौशिक ने कहा कि 17 अक्टूबर को सोनीपत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल रैली होगी। रैली में काफी संख्या में ग्रामीणों को पहुंचना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश उन्नति की तरफ अग्रसर है। वे देश के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री ने देश को विश्व मंच पर एक मजबुत पहचान दिलाई है।



**गन्नौर।** बैंक शाखा शुभारम्भ पर भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक का स्वागत करते साथ में सरपंच प्रमोद ढाका व बैंक अधिकारी।

### देश में स्वच्छता की सोच विकसित की

*पीएम ने स्वच्छ भारत अभियान से देश में स्वच्छता की नई सोच विकसित की। डिजिटल इंडिया से गांव-गांव तक तकनीक पहुंची। देवेन्द्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन का मजबूत संदेश दिया। युवाओं को स्टार्टअप इंडिया से रोजगार सृजन की प्रेरणा दी। इस मौके पर बैंक के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।*

**निरीक्षण** विधायक निखिल मदान ने किया राजकीय मॉडल विद्यालय का दौरा

मिड डे मील योजना के तहत बच्चों को दिए जा रहे भोजन का जायजा लिया

# स्कूल के तीन कमरों का शिलान्यास किया विद्यार्थियों से संवाद कर जानी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक निखिल मदान ने सोमवार को मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया और वहां चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया और विद्यालय के प्राचार्य संजीव दहिया उनके साथ मौजूद रहे। विधायक निखिल मदान ने इस अवसर पर विद्यालय में बने तीन नए कमरों का शिलान्यास किया और साथ ही 7 नए कमरों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही स्कूल में लैंग्वेज लैब, केमिस्ट्री लैब का निरीक्षण किया। विधायक निखिल मदान ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्र छात्राओं से संवाद किया और शिक्षा संबंधी अनुभव साझा किए।



**सोनीपत।** कमरों का शिलान्यास करते हुए विधायक निखिल मदान एवं अन्य।

### अधिकारियों को दिए निर्देश

विधायक निखिल मदान ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को पीने के पानी की किल्लत होने की बात उनके संज्ञान में आई थी, जिसके बाद उन्होंने एक वाटर कूलर स्कूल में लगवाया था। आज भी बच्चों द्वारा पीने के पानी की समस्या बताई गई है इसके निवारण के लिए जल्द ही स्कूल में एक आरओ वॉटर प्लांट लगाया जाएगा। विधायक ने स्कूल के अंदर मिड डे मील योजना के तहत बच्चों को दिए जा रहे भोजन का भी जायजा लिया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। स्कूल प्राचार्य द्वारा सफाई व्यवस्था की समस्या बताए जाने पर विधायक ने सफाई अधिकारियों को विद्यालय की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## सभी औद्योगिक क्षेत्रों के प्रवेश और निकास द्वार पर लगेंगे सीसीटीवी

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने औद्योगिक ईकाइयों के द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण को रोकने के लिए एचएसआईआईडीसी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो जिले के सभी औद्योगिक क्षेत्रों के प्रवेश और निकास द्वारा पर सीसीटीवी कैमरे, प्रदूषण न फैलाने के प्रचार के लिए सूचना के बड़े-बड़े बोर्ड, औद्योगिक क्षेत्रों में टैंकरों के प्रवेश पर बैन व पुलिस विभाग के साथ समन्वय से कार्य करना सुनिश्चित करे। यमुना नदी के पुनरूद्धार के लिए सोमवार को सोनीपत के लघु सचिवालय मे जिला के साथ लगती यमुना की साफ-सफाई से संबंधित विभागों व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के बीच बैठक हुई।